1. "Ad hoc" means :

(a) For the time being

(b) For the time behind

(c) For specific purpose

(d) None of the above

2. Asian Games were held in India in :

(a) 1956 and 1986

(b) 1951 and 1982

(c) 1962 and 1986

(d) 1962 and 1984

3. Full form of SAARC is :

(a) South Asian Association for Regional Coordination

(b) South Asian Association for Regional Co-operation

(c) South African Agriculture Research Council

(d) South Africa Association and Rest Countries

1. "तदर्थ" का अर्थ है :

(अ) कुछ समय के लिए

(ब) पिछले समय के लिए

(स) विशिष्ट प्रयोजन के लिए

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. एशियन खेल भारत में आयोजित किए गए थे :

(अ) 1956 और 1986 में

(ब) 1951 और 1982 में

(स) 1962 और 1986 में

(द) 1962 और 1984 में

3. SAARC का पूरा नाम है :

(अ) South Asian Association for Regional Coordination

(ब) South Asian Association for Regional Co-operation

(स) South African Agriculture Research Council

(द) South Africa Association and Rest Countries

4. Cryptography means :

(a) Study of Secret of writing

(b) Study of insects

(c) Study of human beauty

(d) Study of growing

5. Which of the following is *incorrect* ?

(a) Abul Fazl—Author

(b) Kapil Dev—Cricket

(c) Feroz Gandhi—Politics

(d) M.F. Hussain—Actor

6. 'World Environmental Day' is celebrated on :

(a) 3 June

(b) 4 June

(c) 5 June

(d) 6 June

4. Cryptography का मतलब है :

(अ) लेखन के रहस्य का अध्ययन

(ब) कीड़ों का अध्ययन

(स) मानव सुंदरता का अध्ययन

(द) वृद्धि का अध्ययन

5. निम्न में से कौनसा **गलत** है ?

(अ) अबुल फजल—लेखक

(ब) कपिल देव—क्रिकेट

(स) फिरोज गांधी—राजनीति

(द) एम.एफ. हुसैन—अभिनेता

6. 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है :

(अ) 3 जून को

(ब) 4 जून को

(स) 5 जून को

(द) 6 जून को

7. Which is the next number in the series ?

125, 216, 343, 512, ...

(a) 681

(b) 729

(c) 603

(d) 639

8. In Economic news the word ESOPS means :

(a) Employees Stock Options

(b) Executive Salary Options

(c) Early Sales Opportunities

(d) Emergency Stock Operation

9. The term 'Carat' is used to express :

(a) Shape of Gold

(b) Weight of Gold

(c) Purity of Gold

(d) Type of Gold

7. शृंखला में अगला नंबर कौनसा है ?

125, 216, 343, 512, ...

(अ) 681

(ब) 729

(स) 603

(द) 639

8. आर्थिक समाचार में ESOPS शब्द का मतलब है :

(अ) Employees Stock Options

(ब) Executive Salary Options

(स) Early Sales Opportunities

(द) Emergency Stock Operation

9. शब्द 'कैरेट' ..... व्यक्त करने के लिए प्रयोग किया जाता है।

(अ) सोने की आकृति

(ब) सोने का वजन

(स) सोने की शुद्धता

(द) सोने का प्रकार

10. Vande Mataram was first published in :

(a) Gitanjali

(b) Anandmath

(c) Nandini

(d) Vinayakpatrika

11. In the Indian legal system, which one of the following is considered supreme as a source of power ?

(a) President of India

(b) Parliament of India

(c) Constitution of India

(d) Supreme Court of India

10. वंदे मातरम् प्रथम बार प्रकाशित किया गया था :

(अ) गीताजंलि में

(ब) आनन्दमठ में

(स) नंदिनी में

(द) विनायकपत्रिका में

11. भारतीय विधिक व्यवस्था में निम्नलिखित में से कौन शक्ति के स्रोत के रूप में सर्वोच्च है ?

(अ) भारत का राष्ट्रपति

(ब) भारत की संसद्

(स) भारत का संविधान

(द) भारत का उच्चतम न्यायालय

12. Which one of the following is *correct* ?

Respect for the National Flag and the National Anthem is :

(a) An ordinary duty of every citizen

(b) A fundamental duty of every citizen

(c) A fundamental right of every citizen

(d) A directive principle of state policy

13. Which one of the following is *correct* ?

The Supreme Court of India does not have original jurisdiction regarding a dispute between :

(a) A citizen of India and a State

(b) Two States

(c) Government of India and one or more states

(d) Government of India and one state on one side and one or more states on other side

12. निम्नलिखित में से कौनसा **सही** है ?

राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रगान के प्रति सम्मान है :

(अ) प्रत्येक नागरिक का सामान्य कर्तव्य

(ब) प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य

(स) प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार

(द) राज्य का नीति निदेशक तत्व

13. निम्नलिखित में से कौनसा **सही** है ?

भारत के उच्चतम न्यायालय को किसी विवाद के सम्बन्ध में मूल अधिकारिता नहीं है जो :

(अ) भारत के एक नागरिक और एक राज्य के बीच में है

(ब) दो राज्यों के बीच है

(स) भारत सरकार एवं एक या अनेक राज्यों के बीच है

(द) भारत सरकार एवं एक राज्य एक ओर तथा एक या अनेक राज्य दूसरी ओर के बीच है

14. Which one of the following is *correct* ?

Once the proclamation of emergency is made, the right of a citizen to move the Supreme Court for enforcement of his fundamental rights is suspended by the :

(a) Chief Justice of India

(b) Prime Minister of India

(c) President of India

(d) Speaker of the Lok Sabha

15. Schedule IX was inserted in the Constitution of India by the :

(a) 1st Amendment, 1951

(b) 42nd Amendment, 1976

(c) 44th Amendment, 1978

(d) 52nd Amendment, 1985

14. निम्नलिखित में से कौनसा **सही** है ?

एक बार जब आपातकाल की घोषणा हो जाती है, तब उच्चतम न्यायालय में अपने मूल अधिकारों को प्रवृत्त कराने के लिये एक नागरिक का अधिकार निलंबित कर दिया जाता है :

(अ) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

(ब) भारत के प्रधान मंत्री द्वारा

(स) भारत के राष्ट्रपति द्वारा

(द) लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा

15. भारत के संविधान में नवीं अनुसूची निविष्ट की गई :

(अ) प्रथम संशोधन, 1951 के द्वारा

(ब) 42वाँ संशोधन, 1976 के द्वारा

(स) 44वाँ संशोधन, 1978 के द्वारा

(द) 52वाँ संशोधन, 1985 के द्वारा

16. "What cannot be done directly, cannot be done indirectly also." This statement relates to the doctrine of :

(a) Pith and Substance

(b) Colourable Legislation

(c) Ancillary Powers

(d) Implied Powers

17. Under the Indian Constitution, which one of the following is *not* a specific ground on which state can place restrictions on freedom of religion ?

(a) Public order

(b) Morality

(c) Social Justice

(d) Health

16. 'जिस कार्य को प्रत्यक्षत: नहीं किया जा सकता है, उसे परोक्षत: भी नहीं किया जा सकता है ।' यह कथन सम्बन्ध रखता है :

(अ) सार एवं तत्व के सिद्धांत से

(ब) आभासी विधायन के सिद्धांत से

(स) अनुषंगिक शक्ति के सिद्धांत से

(द) विवक्षित शक्ति के सिद्धांत से

17. भारत के संविधान के अधीन निम्नलिखित में से कौनसा राज्य द्वारा धर्म की स्वतन्त्रता पर निर्बंधन लगाने का विनिर्दिष्ट आधार **नहीं** है ?

(अ) लोक व्यवस्था

(ब) नैतिकता

(स) सामाजिक न्याय

(द) स्वास्थ्य

18. Which one of the following is a fundamental duty ?

(a) Separation of judiciary from executive

(b) Development of scientific temper

(c) Right to work

(d) Prohibition of forced labour

19. The Doctrine of prospective over-ruling was propounded in ..... .

(a) Kesavanand Bharthi case

(b) Minerva Mills case

(c) S.P. Gupta's case

(d) Golak Nath case

18. निम्नलिखित में से कौनसा मूल कर्तव्य है ?

(अ) न्यायपालिका का कार्यपालिका से पृथक्करण

(ब) वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास

(स) कार्य का अधिकार

(द) बलात् श्रम पर प्रतिबन्ध

19. भविष्यलक्षी विनिर्णय का सिद्धांत प्रतिपादित किया गया था :

(अ) केशवानन्द भारती वाद में

(ब) मिनर्वा मिल्स वाद में

(स) एस.पी. गुप्ता वाद में

(द) गोलकनाथ वाद में

20. Who among the following jurists, had said, "Jurisprudence is the formal science of positive law" ?

(a) Thomas E. Holland

(b) Keeton

(c) Julius Stone

(d) Salmond

21. Consider the following statements :

(1) Precedents are created by the judges

(2) A precedent is not binding if it is inconsistent with a statute

(3) Precedents can sometimes be created by legislation

Which of these statements are *correct* ?

(a) (1) and (3)

(b) (2) and (3)

(c) (1), (2) and (3)

(d) (1) and (2)

20. निम्नलिखित विधिशास्त्रियों में से किसने कहा था ''विधिशास्त्र सकारात्मक विधि का औपचारिक विज्ञान है'' ?

(अ) थॉमस ई. हॉलैण्ड

(ब) कीटन

(स) जूलियस स्टोन

(द) सामण्ड

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

(1) न्यायाधीश पूर्वनिर्णयों का सृजन करते हैं

(2) यदि कोई पूर्वनिर्णय किसी कानून से असंगत है तो वह आबद्धकर नहीं होता

(3) कभी-कभी विधायन से भी पूर्वनिणयों का सृजन होता है

इन कथनों में से कौनसे **सही** हैं ?

(अ) (1) एवं (3)

(ब) (2) एवं (3)

(स) (1), (2) एवं (3)

(द) (1) एवं (2)

22. Which one of the following is *correct* ?

One of the important elements in the concept of possession is 'possessionis' which means :

(a) Effective control of the object

(b) Direct contact with the object

(c) An intention to hold the object as owner

(d) An intention on the part of the possessor to exclude any interference by others

23. "The movement of progressive societies has hitherto been from status to contract" is a statement of :

(a) Holmes

(b) Henry Maine

(c) Pound

(d) Karl Marx

22. निम्नलिखित में से कौनसा **सही** है ?

कब्जे की संकल्पना का एक महत्त्वपूर्ण तत्व है 'अभिरक्षा' जिसका अर्थ है :

(अ) वस्तु का प्रभावी नियंत्रण

(ब) वस्तु से सीधा संपर्क

(स) वस्तु को स्वामी के रूप में धारण करने का आशय

(द) कब्जा धारण करने वाले का अन्य लोगों के द्वारा हस्तक्षेप का अपवर्जन करने का आशय

23. "प्रगतिशील समाज की गति अब तक प्रास्थिति से संविदा की ओर रही है" कथन है :

(अ) होम्स का

(ब) हेनरी मेन का

(स) पाउण्ड का

(द) कार्ल मार्क्स का

24. Social Engineering Theory was propounded by :

(a) Pound

(b) Kelsen

(c) Austin

(d) Salmond

24. सामाजिक अभियान्त्रिकी के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था :

(अ) पाउण्ड ने

(ब) केल्सेन ने

(स) ऑस्टिन ने

(द) सामण्ड ने

25. The most important instrument of legal reform is :

(a) Custom

(b) Legislation

(c) Precedent

(d) Writings of legal experts

25. विधिक सुधार का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है :

(अ) रूढ़ि

(ब) विधायन

(स) पूर्वनिर्णय

(द) विधि विशेषज्ञों के लेख

26. If the jural co-relative of 'Right' is 'Duty', then jural co-relative of 'Liberty' is :

(a) Power

(b) Disability

(c) Liability

(d) No claim

27. Who out of the following jurists has said that the binding force of International law is based on the supreme fundamental principle known as "Pacta Sunta Servanda" ?

(a) Anzilotti

(b) Oppenheim

(c) Jellinek

(d) Charles Fenwick

26. यदि 'अधिकार' का विधिगत सहसंबंध वाचक शब्द 'कर्तव्य' है, तब 'स्वतन्त्रता' का सहसंबंध वाचक शब्द है :

(अ) शक्ति

(ब) निर्योग्यता

(स) दायित्व

(द) दावाहीनता

27. निम्नलिखित में से किस न्यायविद् ने यह कहा है कि अन्तर्राष्ट्रीय विधि का बाध्यकारी बल "पैक्टा सुन्ट सर्वेन्डा" नामक सर्वोच्च मूल सिद्धांत पर आधारित है ?

(अ) अन्जीलौट्टी

(ब) ओपनहाइम

(स) जैलीनेक

(द) चार्ल्स फेन्विक

28. Which one of the following is *not* the effect of recognition ?

(a) The recognized state becomes entitled to sue in the courts of the recognizing state

(b) The recognized state is entitled for recognition of its executive acts and legislation issued only after recognition by courts of recognizing state

(c) The recognized state is entitled to sovereign immunity in the courts of recognizing state

(d) The recognized state is entitled to the succession and possession of the property situated in recognizing state

28. निम्नलिखित में से कौनसा मान्यता का प्रभाव **नहीं** है ?

(अ) मान्यताप्राप्त राज्य मान्यता देने वाले राज्य के न्यायालयों में वाद करने के लिये अधिकृत हो जाता है

(ब) मान्यताप्राप्त राज्य मान्यता देने वाले राज्य के न्यायालयों द्वारा अपने प्रशासनिक कार्यों एवं विधायन के लिए, जो मान्यता देने के पश्चात् के हैं, अधिकृत हो जाता है

(स) मान्यताप्राप्त राज्य मान्यता प्रदान करने वाले राज्य के न्यायालयों में सम्प्रभु उन्मुक्ति पाने को अधिकृत हो जाता है

(द) मान्यताप्राप्त राज्य मान्यता देने वाले राज्य में स्थित सम्पत्ति का उत्तराधिकारी एवं कब्जा पाने का अधिकारी हो जाता है

29. Which one of the following is *correct* ?

If a member state persistently violates the principles contained in the U.N. Charter, it may be expelled from U.N.O. :

(a) by the Security Council

(b) by the Security Council on the recommendation of the General Assembly

(c) by General Assembly on the recommendation of the Security Council

(d) by the General Assembly

30. Which one of the following is *correct* ?

The decisions of International Court of Justice are binding :

(a) on all the members of the United Nations

(b) upon the parties to the dispute and only in respect of that particular dispute

(c) on all states of the world

(d) on none of the states as its decisions are only subsidiary means for determining rules of International law

29. निम्नलिखित में से कौनसा **सही** है ?

यदि कोई सदस्य राज्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर में दिये गये सिद्धांतों का निरन्तर उल्लंघन करता है, तो उसे संयुक्त राष्ट्र संगठन से निष्कासित किया जा सकता है :

(अ) सुरक्षा परिषद् द्वारा

(ब) महासभा की संस्तुति पर सुरक्षा परिषद् द्वारा

(स) सुरक्षा परिषद् की संस्तुति पर महासभा द्वारा

(द) महासभा द्वारा

30. निम्नलिखित में से कौनसा **सही** है ?

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के निर्णय बाध्यकारी हैं :

(अ) संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों पर

(ब) विवाद के पक्षकारों पर और वह भी केवल विशिष्ट विवाद के संबंध में

(स) विश्व के सभी देशों पर

(द) किसी भी राज्य पर नहीं, क्योंकि इसके विनिश्चय अन्तर्राष्ट्रीय विधि के नियमों के अवधारण के लिये समनुषंगी साधन हैं

31. Which one of the following countries is *not* a permanent member of the Security Council ?

(a) China

(b) France

(c) Japan

(d) Britain

32. International law was called the vanishing point of Jurisprudence by :

(a) Austin

(b) Holland

(c) Lawrence

(d) Fenwick

31. निम्नलिखित में से कौनसा देश सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य **नहीं** है ?

(अ) चीन

(ब) फ्रांस

(स) जापान

(द) ब्रिटेन

32. अन्तर्राष्ट्रीय विधि को विधिशास्त्र का लुप्तप्राय: बिन्दु कहा गया :

(अ) ऑस्टिन द्वारा

(ब) हॉलैण्ड द्वारा

(स) लॉरेन्स द्वारा

(द) फेन्विक द्वारा

33. Which one of the following is *not correct* ?

The right of private defence of body extends to the voluntary causing of death to the assailant where assault is :

(a) Made with the intention of committing rape

(b) Gratifying unnatural lust

(c) Kidnapping

(d) Wrongfully confining a person

34. Which one of the following is *not* correct ?

For imposing liability under Section 34, Indian Penal Code, it is necessary that :

(a) the act done was a criminal act

(b) act was done in prosecution of common object of the group

(c) criminal act was committed by several persons

(d) act is done in furtherance of common intention of all

33. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार हमलावर की स्वेच्छया मृत्यु कारित करने तक हो जाता है, जहाँ हमला :

(अ) बलात्संग करने के आशय से किया गया है

(ब) प्रकृति विरुद्ध काम-तृष्णा की तृप्ति के आशय से किया गया है

(स) व्यपहरण करने के आशय से किया गया है

(द) किसी व्यक्ति का सदोष परिरोध करने के आशय से किया गया है

34. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

भारतीय दंड संहिता की धारा 34 के अधीन दायित्व के लिए यह आवश्यक है कि :

(अ) आपराधिक कार्य किया गया हो

(ब) कार्य समूह के सामान्य उद्देश्य को अग्रसर करने में किया गया हो

(स) आपराधिक कार्य कई व्यक्तियों द्वारा किया गया हो

(द) कार्य सभी के सामान्य आशय को अग्रसर करने में किया गया हो

35. Which one of the following is *not correct* ?

Culpable Homicide is murder if the act, by which the death is caused, is done with the :

(a) intention of causing death

(b) knowledge that the act is so imminently dangerous that it must in all probability cause death

(c) intention of causing such bodily injury as is likely to cause death

(d) intention of causing bodily injury and the bodily injury intended to be inflicted is sufficient in the ordinary course of nature to cause death

35. निम्नलिखित में से कौनसा सही नहीं है ?

आपराधिक मानव-वध हत्या है यदि वह कार्य, जिसके द्वारा मृत्यु कारित की गई है, किया गया है :

(अ) मृत्यु कारित करने के आशय से

(ब) इस ज्ञान के साथ कि वह कार्य इतना आसन्नसंकट है कि पूरी अधिसम्भाव्यता है कि वह मृत्यु कारित कर ही देगा

(स) ऐसी शारीरिक क्षति कारित करने के आशय से जिससे मृत्यु कारित हो जाना सम्भाव्य हो

(द) शारीरिक क्षति कारित करने के आशय से कि वह शारीरिक क्षति प्रकृति के मामूली अनुक्रम में मृत्यु कारित करने के लिये पर्याप्त है

36. 'X', a doctor in good faith informs his patient 'Y' that he has cancer which is in its last stage. 'X' advices 'Y' to arrange his family affairs as he can not survive for more than a couple of weeks. 'Y' dies because of shock on hearing this. Answer whether X is :

(a) not guilty since communication was made in good faith for the benefit of 'Y'

(b) guilty of murder as he knew that such a disclosure will cause death

(c) guilty of culpable homicide not amounting to murder as he knew that such a disclosure is likely to cause death

(d) guilty of causing death by negligence

36. 'X' एक डाक्टर ने सद्भावपूर्वक रोगी 'Y' को यह बताया कि उसे कैंसर का रोग है जो अंतिम चरण में है । 'X' ने 'Y' से यह अनुरोध किया कि वह अपने पारिवारिक मामलों का प्रबन्ध कर ले, क्योंकि वह अधिक से अधिक दो सप्ताह ही जियेगा । 'Y' यह सुनकर आघात से मर जाता है । बताइये क्या X :

(अ) दोषी नहीं है क्योंकि संसूचना सद्भावपूर्वक Y के फायदे के लिये दी गई थी

(ब) हत्या का दोषी है क्योंकि वह जानता था कि यह प्रकटीकरण मृत्यु कारित करेगा

(स) आपराधिक मानव वध का दोषी है जो हत्या की कोटि में नहीं आता, क्योंकि वह जानता था कि प्रकटीकरण में मृत्यु कारित करने की संभाव्यता है

(द) उपेक्षा से मृत्यु कारित करने का दोषी है

37. Which one of the following is *not* an exception to defamation under Section 499, Indian Penal Code ?

(a) To express in good faith any opinion respecting the conduct of any person touching any public question

(b) To express in good faith any opinion respecting the conduct of a public servant in discharge of his public functions

(c) To pass in good faith any censure on the conduct of a person by another who has lawful authority over him and censure relates to a matter to which lawful authority relates

(d) An imputation in the form of an alternative or ironical expression

37. निम्नलिखित में से कौनसा भारतीय दंड संहिता की धारा 499 के अन्तर्गत मानहानि का अपवाद नहीं है ?

(अ) किसी लोक प्रश्न के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति के आचरण के विषय में कोई राय सद्भावपूर्वक अभिव्यक्त करना

(ब) लोक-कृत्यों के निर्वहन में लोकसेवक के आचरण के विषय में कोई राय सद्भावपूर्वक अभिव्यक्त करना

(स) किसी व्यक्ति के आचरण के सम्बन्ध में सद्भावपूर्वक परिनिन्दा करना जो उस पर प्राधिकार रखने वाले व्यक्ति द्वारा की गई हो और प्राधिकार के मामले से सम्बंधित हो

(द) अनुकल्प के रूप में या व्यंग्योक्ति के रूप में अभिव्यक्त लाँछन

38. A is invited by B for a cup of tea. While B is in the kitchen preparing tea, A finds a golden ring on the table. He picks it up and places it somewhere in the room with the intention of dishonestly taking it away some time later. A commits :

(a) no offence

(b) extortion

(c) attempt to commit theft

(d) theft

39. X and Y agree to commit theft in Z's house but no theft is committed by them. They are guilty of :

(a) no offence

(b) criminal conspiracy

(c) abetment by instigation

(d) abetment by conspiracy

38. B ने A को चाय के लिए आमंत्रित किया । जब B चाय बनाने के लिए रसोई में था तब A को मेज पर एक सोने की अंगूठी मिली । वह उसे उठाता है और कुछ समय बाद बेईमानी से ले जाने के आशय से, कमरे में कहीं रख देता है । A ने :

(अ) कोई अपराध नहीं किया

(ब) उद्दापन का अपराध किया

(स) चोरी करने का प्रयत्न किया

(द) चोरी की

39. Z के मकान में चोरी करने के लिए X और Y सहमत होते हैं पर उन्होंने कोई चोरी नहीं की । वे दोषी हैं :

(अ) किसी अपराध के लिए नहीं

(ब) आपराधिक षड्यंत्र के लिए

(स) उकसाकर दुष्प्रेरण के लिए

(द) षड्यंत्र द्वारा दुष्प्रेरण के लिए

40. A signs his own name to a bill of exchange, intending that it may be believed that the bill was drawn by another person of the same name. A is guilty of :

(a) cheating

(b) attempt of cheating

(c) forgery

(d) attempt of forgery

41. Which one of the following is *not* correct ?

In the maxim 'volenti non fit injuria' ?

(a) Consent must be voluntary

(b) The person should have given his consent expressly to run the risk

(c) The act undertaken voluntarily must not be illegal in itself

(d) The person should have complete knowledge of the risk

40. A एक विनिमय पत्र पर अपने हस्ताक्षर इस आशय से करता है कि यह विश्वास कर लिया जाए कि वह विनिमय पत्र उसी नाम के किसी अन्य व्यक्ति द्वारा लिखा गया था । A दोषी है :

(अ) छल के लिए

(ब) छल के प्रयत्न के लिए

(स) कूटरचना के लिए

(द) कूटरचना के प्रयत्न के लिए

41. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

'स्वेच्छया से किये गये कार्य से क्षति' के सिद्धान्त में :

(अ) सहमति स्वेच्छा से होनी चाहिये

(ब) खतरा उठाने के लिये व्यक्ति द्वारा अभिव्यक्तत: सहमति दी जानी चाहिये

(स) स्वेच्छया लिया गया कार्य अपने आप में अवैध नहीं होना चाहिये

(द) व्यक्ति को खतरे का पूर्ण ज्ञान होना चाहिये

42. Which one of the following is *not* correct ?

Vicarious liability may arise when the :

(a) defendant has ratified the particular wrongful act

(b) defendant stands to the wrong doer in special relation which makes him answerable for wrong of wrong doer

(c) defendant has abetted the wrong doer for wrongful act or omission

(d) wrong doer has done the wrongful act only for the benefit of the defendant

43. Which one of the following is *not* correct ?

Slander is actionable per se when :

(a) the language used is abusive for the plaintiff

(b) there is imputation of unfitness of the plaintiff for his profession or trade or office of profit which he is holding at that time

(c) there is imputation of unchastity to any woman or girl

(d) there is imputation that the plaintiff is suffering from a contagious disease

42. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

प्रतिनिधिक दायित्त्व उत्पन्न हो सकता है जब :

(अ) प्रतिवादी ने विशिष्ट दोषपूर्ण कार्य का अनुमोदन कर दिया है

(ब) प्रतिवादी का दोषी से विशिष्ट संबंध है जो उसे दोषी के दोष के लिये उत्तरदायी बनाता है

(स) प्रतिवादी ने दोषी को दोषपूर्ण कार्य या लोप के लिये दुष्प्रेरित किया है

(द) दोषी ने दोषपूर्ण कार्य केवल प्रतिवादी के लाभ के लिये किया है

43. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

अपमान वचन स्वत: अनुयोज्य है जब :

(अ) वादी के लिये प्रयोग की गई भाषा गाली-गलौज की है

(ब) वादी को, उसकी वृत्ति, व्यवसाय या लाभ का पद जो वह उस समय रख रहा है, के लिये अनुपयुक्तता का अभ्यारोपण किया गया है

(स) किसी महिला या लड़की के लिये शीलभ्रष्टता का अभ्यारोपण किया गया है

(द) यह अभ्यारोपण किया गया है कि वादी सांसर्गिक रोग से पीड़ित है

44. Which one of the following is *not* correct ?

The essential conditions for liability for negligence in tort are that :

(a) The defendant was under a legal duty to exercise due care and skill

(b) The duty was towards the plaintiff

(c) There was no perfection in duty on the part of defendant

(d) The damage caused to plaintiff was natural, probable and direct consequence of breach of duty

45. Which one of the following is *correct* ?

In the tort of conspiracy, the purpose of the defendants must be to :

(a) obtain benefit for themselves

(b) violate legal right of the victim

(c) protect their own interest

(d) cause damage to the victim

44. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

अपकृत्य में उपेक्षा के दायित्व के लिये आवश्यक शर्तें हैं कि :

(अ) उचित सावधानी व देखभाल के लिये प्रतिवादी का विधिक कर्तव्य था

(ब) यह कर्तव्य वादी के लिये था

(स) प्रतिवादी की ओर से कर्तव्य में सर्वांगपूर्णता नहीं थी

(द) वादी को पहुँचाई गई क्षति स्वाभाविक, संभावित एवं कर्तव्य उल्लंघन का सीधा परिणाम थी

45. निम्नलिखित में से कौनसा **सही** है ?

षड्यंत्र के अपकृत्य में प्रतिवादियों का प्रयोजन होना चाहिए :

(अ) अपने लिए फायदा प्राप्त करना

(ब) पीड़ित के वैध अधिकार का उल्लंघन करना

(स) अपने हित का संरक्षण करना

(द) पीड़ित को हानि कारित करना

46. Which of the following is *correct* ?

In the tort of nuisance interference caused by the defendant must be :

(a) substantial

(b) intentional

(c) physical

(d) nominal

47. The principle that law as well as justice should try to prevent unjust enrichment applies to the following :

(a) novation

(b) quasi contract

(c) consideration

(d) coercion

46. निम्नलिखित में से कौनसा **सही** है ?

न्यूसेंस (उपताप) के अपकृत्य में प्रतिवादी के द्वारा किया गया हस्तक्षेप होना चाहिए :

(अ) सारवान

(ब) साशय

(स) भौतिक

(द) नाममात्र

47. यह सिद्धान्त कि विधि एवं न्याय दोनों को अन्यायपूर्ण समृद्धि को रोकने का प्रयास करना चाहिये, लागू होता है :

(अ) नवीयन पर

(ब) संविदाकल्प पर

(स) प्रतिफल पर

(द) प्रपीड़न पर

48. A contracts to sell his ship to B for Rs. 60,000 but breaks his promise. A is liable to pay to B :

(a) the whole amount of Rs. 60,000 which is price of the ship

(b) only nominal damages

(c) damages for mental agony and suffering

(d) the amount which is excess, if any, of the contract price which B has to pay for the ship at the time of the breach of promise

49. Which one of the following is *not* correct ?

In a partnership firm of general commercial nature every partner is supposed, unless there is agreement otherwise, to have the implied authority to :

(a) borrow money for the firm

(b) sell or pledge the partnership property

(c) submit a dispute relating to the business of the firm to arbitration

(d) contract and pay debts on behalf of the firm

48. 'अ' अपना जहाज़ 'ब' को रु. 60,000 में बेचने की संविदा करता है परन्तु अपना वचन भंग कर देता है । 'ब' को भुगतान करने के लिये 'अ' उत्तरदायी है :

(अ) रु. 60,000 की पूर्ण राशि जो जहाज का मूल्य है

(ब) केवल नाममात्र नुकसानी

(स) मानसिक अतिकष्ट एवं वेदना के लिये नुकसानी

(द) वह राशि जो संविदा मूल्य से अधिक है, यदि है, जो ब को वचन भंग के समय जहाज के लिये अदा करनी पड़ती है

49. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

एक सामान्य वाणिज्यिक प्रकृति की भागीदारी फर्म में प्रत्येक भागीदार के लिये समझा जाता है, जब तक कि इसके विपरीत करार न हो, कि उसे विवक्षित प्राधिकार है :

(अ) फर्म के लिये धन उधार लेने का

(ब) फर्म की सम्पत्ति को बेचने या गिरवी रखने का

(स) फर्म के वाणिज्य से सम्बंधित किसी विवाद को माध्यस्थम् को सौंपने का

(द) फर्म के लिये ऋण लेने और ऋण का भुगतान करने का

50. Which one of the following is *not* correct ?

A partner may retire from a firm :

(a) with the consent of all his partners

(b) by giving public notice of his intention to retire

(c) by adjudication of insolvency

(d) by death of the partner

51. Which one of the following is *not* correct ?

(a) Contract is voidable if consent is obtained by fraud

(b) Contract is void if consent of both the parties is caused by mistake

(c) Agreement with minor is void

(d) Wagering agreement is void

50. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

कोई भी भागीदार फर्म से निवृत्त हो सकता है :

(अ) अपने सभी भागीदारों की सहमति से

(ब) निवृत्त होने के अपने आशय की सार्वजनिक सूचना देकर

(स) दिवालिया न्यायनिर्णीत हो जाने पर

(द) भागीदार की मृत्यु हो जाने पर

51. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

(अ) कपट से प्राप्त सहमति पर संविदा शून्यकरणीय होती है

(ब) दोनों पक्षों की सहमति अगर भूल से प्रभावित हो तो संविदा शून्य है

(स) अवयस्क के साथ किया गया करार शून्य है

(द) बाजी लगाने का करार शून्य है

52. Which one of the following is *not* covered under doctrine of frustration ?

(a) Commercial Impossibility

(b) Natural Calamity

(c) Destruction of subject matter

(d) Impossibility by operation of law

53. Which one of the following is *not* correct ?

The basic principle of majority's rule laid down in Foss *Vs*. Harbottle does not apply, where :

(a) company's act is based on some irregularity

(b) conduct of majority shareholders constitutes fraud on minority

(c) the controlling shareholders do not permit an action to be brought against the wrong doer

(d) a right is vested in every shareholder as the individual membership right

52. निम्नलिखित में से कौनसा नैराश्य के सिद्धांत में **नहीं** आता ?

(अ) वाणिज्यिक असम्भाव्यता

(ब) प्राकृतिक प्रकोप

(स) विषय-वस्तु का नष्ट हो जाना

(द) विधि प्रवर्तन से असम्भाव्यता

53. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

फॉस **बनाम** हारबोटल में स्थापित बहुमत के शासन का मूल सिद्धांत लागू नहीं होता, जहाँ :

(अ) कम्पनी का कार्य किसी अनियमितता पर आधारित हो

(ब) बहुमत अंशधारकों का आचरण अल्पसंख्यकों से कपट कर रहा हो

(स) नियंत्रण करने वाले अंशधारी दोषी के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की अनुमति न दे रहे हों

(द) कोई अधिकार प्रत्येक अंशधारक में वैयक्तिक सदस्यता अधिकार के रूप में निहित हो

54. Which one of the following is the legal right of shareholder of the company ?

(a) To become director compulsorily

(b) To own property of the company

(c) To take dividend from profits

(d) To purchase goods for the company

55. Which one of the following is *not* correct ?

In lay off, the failure or refusal to employ a workman may be on account of :

(a) Shortage of coal or raw-material

(b) Break down of machinery

(c) Natural calamity

(d) Availability of raw material at exorbitant price

54. निम्नलिखित में से कौनसा एक कम्पनी के अंशधारी का विधिक अधिकार है ?

(अ) आवश्यक रूप से निदेशक बनना

(ब) कम्पनी की सम्पत्ति का स्वामी होना

(स) कम्पनी के लाभों से लाभांश लेना

(द) कम्पनी के लिए माल खरीदना

55. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

कामबन्दी में कर्मकार को नियुक्त करने में असफलता या अस्वीकृति हो सकती है :

(अ) कोयला या कच्चे माल की कमी से

(ब) मशीनरी के ठप हो जाने से

(स) प्राकृतिक आपदा से

(द) कच्चे माल के बहुत ऊँचे दाम पर उपलब्ध होने से

56. Which one of the following is *not* correct ?

A Trade Union after registration becomes entitled to the following advantages :

(a) It cannot contract through agents

(b) It gets perpetual succession and Common seal

(c) It can acquire and hold both movable and immovable property

(d) It can sue and be sued in its registered name

57. Which one of the following is *not* correct ?

Under the Factories Act, 1948, a factory is one where which of the following number of workers are working or were working on any day of the preceding twelve months, and in any part of which a manufacturing process is being carried on without the aid of power ?

(a) ten or more

(b) fifteen or more

(c) twenty or more

(d) twenty five or more

56. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

कोई भी व्यवसाय संघ पंजीकरण के बाद निम्नलिखित लाभ हेतु अधिकृत हो जाता है :

(अ) यह अभिकर्ताओं के माध्यम से संविदा नहीं कर सकता है

(ब) इसे शाश्वत उत्तराधिकार एवं सामान्य मुद्रा प्राप्त हो जाती है

(स) यह जंगम एवं स्थावर दोनों प्रकार की सम्पत्ति ग्रहण कर सकता है

(द) इसके पंजीकृत नाम में यह वाद कर सकता है और इस पर वाद किया जा सकता है

57. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत, कारखाना वह है जहाँ पिछले बारह महीनों में किसी भी दिन कर्मकारों की निम्नलिखित में से कौनसी संख्या काम कर रही थी या काम कर रही है और जिसके किसी भी भाग में विनिर्माण प्रक्रिया बिना विद्युत शक्ति के की जा रही है ?

(अ) दस या अधिक

(ब) पन्द्रह या अधिक

(स) बीस या अधिक

(द) पच्चीस या अधिक

58. For Hindu marriage, the age of the boy had been extended from 18 to 21 years and for girl from 15 years to 18 years by which one of the following Amendment Acts ?

(a) Child Marriage Restraint (Amendment) Act, 1976

(b) Child Marriage Restraint (Amendment) Act, 1978

(c) Hindu Marriage (Amendment) Act, 1976

(d) Hindu Marriage (Amendment) Act, 1980

59. Which one of the following is *not* a ground of divorce under the Hindu Marriage Act, 1955 ?

(a) That other party has caused to be a Hindu by conversion to another religion

(b) That other party has, after the solemnisation of the marriage, treated the petitioner with cruelty

(c) That the husband has, since the solemnisation of marriage, been guilty of rape

(d) That the marriage has not been consummated owing to the impotence of the respondent

58. हिन्दू विवाह के लिये, लड़के की आयु 18 से 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 15 वर्ष से 18 वर्ष निम्नलिखित में से कौनसे संशोधन अधिनियम द्वारा बढ़ाई गई थी ?

(अ) बाल विवाह निरोधक (संशोधन) अधिनियम, 1976

(ब) बाल विवाह निरोधक (संशोधन) अधिनियम, 1978

(स) हिन्दू विवाह (संशोधन) अधिनियम, 1976

(द) हिन्दू विवाह (संशोधन) अधिनियम, 1980

59. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौनसा विवाह-विच्छेद का आधार **नहीं** है ?

(अ) कि दूसरा पक्षकार दूसरे धर्म को ग्रहण करने के कारण हिंदू होने से परिवरित हो गया है

(ब) कि दूसरे पक्षकार ने विवाह के अनुष्ठान के पश्चात् याची के साथ क्रूरता का व्यवहार किया है

(स) कि पति विवाह के अनुष्ठान के पश्चात् बलात्संग का दोषी है

(द) कि प्रत्यर्थी की नपुंसकता के कारण विवाहोत्तर संभोग नहीं हुआ है

60. Which one of the following is *correct* ?

If adoption is by a Hindu Female and the person to be adopted is male, then the age difference between the adoptive mother and the male to be adopted should be at least :

(a) 21 years

(b) 16 years

(c) 18 years

(d) 24 years

61. Which one of the following is *not* correct ?

A Hindu wife shall be entitled to live separately from her husband without forfeiting her claim to maintenance when :

(a) The husband was ceased to be a Hindu by conversion to another religion

(b) The husband habitually resides with a concubine elsewhere

(c) Wife too has ceased to be a Hindu by conversion to another religion as her husband had already ceased to be a Hindu

(d) The husband is suffering from virulent form of leprosy

60. निम्नलिखित में से कौनसा **सही** है ?

यदि दत्तक किसी हिन्दू महिला द्वारा किया जाना है और दत्तक लिया जाने वाला व्यक्ति पुरुष है, तब दत्तक माता एवं दत्तक लिये जाने वाले पुरुष की आयु में कम से कम अन्तर होना चाहिये :

(अ) 21 वर्ष

(ब) 16 वर्ष

(स) 18 वर्ष

(द) 24 वर्ष

61. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

एक हिन्दू पत्नी अपने भरण-पोषण के दावे को समपहृत किये बिना अपने पति से अलग रहने की अधिकारिणी होगी यदि :

(अ) पति अन्य किसी धर्म में संपरिवर्तित होने के कारण हिन्दू नहीं रह गया है

(ब) पति किसी उपपत्नी के साथ अन्य किसी स्थान पर अभ्यासतः निवास करता है

(स) पत्नी भी अन्य किसी धर्म में संपरिवर्तित होने के कारण हिन्दू नहीं रह गई है क्योंकि उसका पति पहले ही हिन्दू नहीं रह गया था

(द) पति उग्र कुष्ठ रोग से पीड़ित है

62. Which one of the following is *not* correct ?

For presenting a petition for dissolution of a Hindu marriage by a decree of divorce by mutual consent, both the parties to the marriage have to prove that they :

(a) have not been able to live together

(b) do not want further to live together

(c) have been living separately for a period of one year or more

(d) have mutually agreed that the marriage should be dissolved

62. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

हिंदू विवाह-विच्छेद की याचिका पारस्परिक सम्मति के आधार पर दायर करने के लिये विवाह के दोनों पक्षकारों को यह सिद्ध करना है कि वे :

(अ) एक साथ रहने में समर्थ नहीं हो सके हैं

(ब) अब आगे साथ-साथ नहीं रहना चाहते हैं

(स) एक वर्ष की अवधि या इससे अधिक से अलग रह रहे हैं

(द) इस बात के लिये परस्पर सहमत हो गये हैं कि विवाह विघटित कर देना चाहिये

63. Which one of the following is *not* correct ?

The legal effects of a valid muslim marriage are :

(a) The wife is entitled to get maintenance from her husband

(b) The wife is entitled to her dower from her husband

(c) The wife as well as husband acquire interest in each other's property

(d) Mutual rights of inheritance are established

64. Which one of the following is *not* correct ?

Under Hanafi Law, the guardians of minor's property is as under :

(a) Father

(b) Mother

(c) Father's father

(d) Executor appointed by father's will

63. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

एक वैध मुस्लिम विवाह के विधिक प्रभाव निम्नलिखित हैं :

(अ) पत्नी अपने पति से भरण-पोषण प्राप्त करने की अधिकारी है

(ब) पत्नी अपने पति से अपना मेहर पाने की अधिकारी है

(स) पति एवं पत्नी दोनों को एक-दूसरे की सम्पत्ति में हित प्राप्त हो जाता है

(द) उत्तराधिकार का पारस्परिक अधिकार स्थापित हो जाता है

64. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

हनाफी विधि के अन्तर्गत अवयस्क की सम्पत्ति का संरक्षक निम्नलिखित है :

(अ) पिता

(ब) माता

(स) पिता का पिता (दादा)

(द) पिता की वसीयत द्वारा नियुक्त निष्पादक

65. For valid transfer of property which one of the following is *not* an essential condition ?

(a) The property must be transferable

(b) The transfer must be made in the manner and form required by the land law

(c) Transferor must be competent to transfer

(d) Transfer should be made for a lawful or valid consideration

65. सम्पत्ति के वैध अन्तरण के लिये निम्नलिखित में से कौनसी आवश्यक शर्त **नहीं** है ?

(अ) सम्पत्ति अन्तरण योग्य होनी चाहिये

(ब) अन्तरण इस प्रकार एवं प्रारूप में होना चाहिये जो भूमि विधि की आवश्यकता हो

(स) अन्तरण के लिये अन्तरक सक्षम होना चाहिये

(द) अन्तरण विधिपूर्ण या वैध प्रतिफल के लिये होना चाहिये

66. If in a mortgage of immovable property :

(1) possession of the property is delivered to the mortgagee

(2) the mortgagee is to get rents and profits in lieu of interest or principal or both

(3) no personal liability is incurred by the mortgagor

(4) the mortgagee cannot foreclose or sue for sale

This type of mortgage is :

(a) English mortgage

(b) Simple mortgage

(c) Usufructuary mortgage

(d) Anomalous mortgage

66. यदि स्थावर सम्पत्ति के बन्धक में :

(1) सम्पत्ति का कब्जा बन्धकदार को दे दिया गया है

(2) बंधकदार को ब्याज या मूल या दोनों के बदले किराया एवं लाभ प्राप्त करने हैं

(3) बंधककर्ता ने कोई व्यक्तिगत दायित्व नहीं लिया है

(4) बंधकदार पुरोबन्ध या विक्रय के लिये वाद नहीं कर सकता है

तो इस प्रकार का बन्धक कहलाता है :

(अ) अंग्रेजी बंधक

(ब) साधारण बन्धक

(स) भोगबन्धक

(द) विलक्षण बन्धक

67. Which one of the following is *correct* ?

Any sentence authorized by law except a sentence of death or of imprisonment for life or imprisonment for more than seven years can be awarded by :

(a) Additional Sessions Judge

(b) Chief Judicial Magistrate

(c) Assistant Sessions Judge

(d) Magistrate First Class

68. Which one of the following is *not* correct ?

Under Section 125, Code of Criminal Procedure, 1973 a wife is not entitled to maintenance when :

(a) Wife had taken divorce at her own instance though she is now unable to maintain herself

(b) She is living in adultery

(c) Without sufficient reason, she refuses to live with her husband

(d) The husband does not have sufficient means to maintain her

67. निम्नलिखित में से कौनसा **सही** है ?

मृत्युदण्ड अथवा आजीवन कारावास अथवा सात वर्ष से अधिक का कारावास को छोड़कर विधि द्वारा प्राधिकृत दण्ड निम्नलिखित में से किसके द्वारा दिया जा सकता है :

(अ) अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश

(ब) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

(स) सहायक सत्र न्यायाधीश

(द) मजिस्ट्रेट प्रथम वर्ग

68. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 125 के अन्तर्गत, पत्नी भरण-पोषण पाने की अधिकारिणी नहीं है जब :

(अ) पत्नी की अपनी इच्छा पर ही विवाह विच्छेद हुआ था यद्यपि अब वह अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ है

(ब) वह जारकर्म में रह रही है

(स) वह बिना किसी पर्याप्त कारण ही अपने पति के साथ रहने से इन्कार करती है

(द) उसको भरण-पोषण देने में पति के पास पर्याप्त साधन नहीं हैं

69. Which one of the following is *not* correct ?

Subject to the pecuniary or other limitations prescribed by any law, the suits in the following matters will be instituted where the subject matter is situated where suit is for :

(a) partition of immovable property

(b) redemption of a mortgage upon immovable property

(c) compensation for wrong to a person living on that immovable property

(d) recovery of immovable property

70. Which one of the following is *not* correct ?

Confession made by a person accused of any offence shall not be proved against him when it is :

(a) made under a promise of secrecy

(b) made to a police officer

(c) made by a person whilst he is in the custody of a police officer

(d) caused by inducement

69. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

किसी विधि द्वारा विहित धन सम्बन्धी या अन्य परिसीमाओं के अधीन रहते हुए, निम्नलिखित मामलों में वाद वहाँ संस्थित किये जायेंगे जहाँ पर विषय-वस्तु स्थित है जहाँ वाद स्थावर संपत्ति :

(अ) के विभाजन के लिये हो

(ब) के बन्धक का मोचन करने के लिये हो

(स) पर रहने वाले व्यक्ति के प्रति किये गये दोष के लिये प्रतिकर के लिये हो

(द) प्रत्युद्धरण के लिये हो

70. निम्नलिखित में से कौनसा सही **नहीं** है ?

एक व्यक्ति द्वारा, जो किसी अपराध का आरोपी है, की गई संस्वीकृति उसके विरुद्ध सिद्ध नहीं की जायेगी, यदि वह :

(अ) गोपनीयता के वचन के अन्तर्गत की गई

(ब) एक पुलिस अधिकारी को की गई

(स) व्यक्ति पुलिस अधिकारी की अभिरक्षा में है

(द) उत्प्रेरणा के अन्तर्गत की गई

Space for Rough Work
कच्चे कार्य के लिए स्थान

SEAL

Number of Pages in Booklet : **40**
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या

Number of Questions in Booklet : **70**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

191545

Law

Subject Code/विषय कोड : 19

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : .....

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : .....

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : .....

Date of Examination/परीक्षा तिथि : .....

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : .....

Time/समय : **75** Minutes/मिनिट्स

Maximum Marks/पूर्णांक : **70**

Instructions

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. **1** to serial no. **10** are related to general aptitude while questions from serial no. **11** to serial no. **70** are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (a), (b), (c), (d).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the answer sheet by using **BLUE BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक **1** से क्रमांक **10** तक के प्रश्न सामान्य अभिवृत्ति के तथा क्रमांक **11** से क्रमांक **70** तक के प्रश्न विषय केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (अ), (ब), (स), (द) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को उत्तर पुस्तिका पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

Space for Rough Work

कच्चे कार्य के लिए स्थान